समाचार

निगम में मनाया गया आतंकवाद विरोधी दिवस

(अधिकारी कर्मचारियों ने ली आतंकवाद विरोधी शपथ)

कोरबा 20 मई 2022 – नगर पालिक निगम कोरबा में आज आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। अधिकारी कर्मचारियों ने इस मौके पर आतंकवाद विरोधी शपथ ली, निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने उन्हें शपथ दिलाई।

छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इस मौके पर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोधी शपथ लेते हुए कहा कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे, हम मानव जाति के सभी वर्गो के बीच शांति, सामाजिक सदभाव एवं सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली एवं विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं। इस अवसर पर अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, अधीक्षण अभियंता मनोज सिंह ठाकुर, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी व पवन वर्मा, लेखाधिकारी आनंद गुप्ता, सहायक अभियंता संजीव बोपापुरकर, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, लेखापाल अशोक देशमुख, अरूण मिश्रा, आनंद दुबे, नासिर सईद, जी.एस.

चंदेल, शांतिलाल सोनी, अरविंद वानखेडे, उत्तम साहू, शंकरलाल साहू, परमेश्वर शर्मा, सुभाषिनी आशावान, बीना प्रसाद, दिवाकांत जायसवाल, अरविंद पाण्डेय, कमल देवांगन, भावेश यादव, हेमंत गभेल, उदय मण्डल, प्रकाश निषाद, कपिल श्रीवास्तव, अरविंद सिंह, कृष्णादास महंत, मनोज श्रीवास, फूलकुमारी तिवारी, ललिता तिग्गा, तुलसीबाई, शीतला कीर्ति, तिरीथबाई, बालनागू आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने शपथ ली।